# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

12 जनवरी 2026
सोमवार

आपकी आवाज




औचक छापेमारी में अवैध खनन पर बड़ा प्रहार : हाईवा जब्त एफआईआर दर्ज, 8 लाख शमन शुल्क और 25 गुना रॉयल्टी दंड

2



## एक नजर

### प्रधानमंत्री कार्यालय को खाली करने की तैयारी तेज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कार्यालय को खाली करने की तैयारी तेज कर दी गई है। अब यह 14 जनवरी के बाद नए सेवा तीर्थ परिसर में शिफ्ट हो सकता है। इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी दी है। इस परिसर में पीएमओ , कैबिनेट सचिवालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय स्थित होंगे। बता दें कि राजधानी दिल्ली के मध्य में दारा शिकोह रोड (पूर्व में डलहौजी रोड) पर स्थित एक्जीक्यूटिव एन्क्लेव परिसर या सेवा तीर्थ का निर्माण सरकार द्वारा सेंट्रल विस्टा क्षेत्र के पुनर्विकास के हिस्से के रूप में किया गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, जहां कैबिनेट सचिवालय सितंबर 2025 में नए परिसर में स्थानांतरित हो गया, वहीं एनएससीएस के प्रधानमंत्री के स्थानांतरण से पहले ही सेवा तीर्थ में स्थानांतरित होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री खुद मकर संक्रांति के बाद नए कार्यालय परिसर में शिफ्ट हो जाएंगे।

### कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की अस्पताल से छुट्टी

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की सेहत में सुधार के बाद उनको अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। सोनिया गांधी को 5 जनवरी 2026 की शाम को चेस्ट इन्फेक्शन के कारण ब्रोंकियल अस्थमा बढ़ने की वजह से सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में डॉ. अरूप बसु (सीनियर कंसल्टेंट चेस्ट मेडिसिन) की देखरेख में सोनिया गांधी का इलाज चल रहा था।

सर गंगाराम अस्पताल के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, उन्होंने इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दी है और उनकी सेहत में अच्छा सुधार हुआ है। डॉ. स्वरूप ने कहा कि उन्हें आज (रविवार को) शाम 5 बजे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और घर पर आगे का इलाज जारी रखने की सलाह दी गई है। इससे पहले सोनिया गांधी को सांस लेने में दिक्कत होने के बाद उन्हें सोमवार 5 जनवरी की शाम को एडमिट किया गया था।

# केरल में भाजपा की बढ़ रही पकड़ : अमित शाह



❍ विजयन सरकार पर साधा निशाना केरल में फूंका चुनावी बिगुल
❍ राज्य के दबाए गए लोग अब मौन नहीं रहेंगे और जनता को सशक्त बनाना ही सरकार की प्राथमिकता

### पीएम मोदी की नेतृत्व शैली और विकास पर जोर

इस दौरान अमित शाह ने पीएम मोदी के नेतृत्व शैली और विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की पहल से राजनीति प्रदर्शन आधारित हो रही है, शिकायतों पर नहीं, बल्कि समाधान और विकास पर ध्यान है। उन्होंने कहा कि विकास और समानता के लिए राजनीति की जड़ता और शिकायतों से आगे बढ़ना जरूरी है।उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के दबाए गए लोग अब मौन नहीं रहेंगे और जनता को सशक्त बनाना ही सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। अमित शाह ने अपने भाषण में केरल में निवेश, विकास, सुरक्षा और राजनीति में बदलाव की दिशा को प्रमुखता से बताया। साथ ही कहा कि एनडीए के नेतृत्व में केरल का भविष्य विकसित और मजबूत बन सकता है।

### केरल की अर्थव्यवस्था और विकास

अमित शाह ने कहा कि केरल की अर्थव्यवस्था सिर्फ प्रवासी मजदूरों की रेमिटेंस पर आधारित है, यह लंबे समय में राज्य के हर नागरिक को फायदा नहीं पहुंचा सकती। उन्होंने रेमिटेंस का स्वागत किया, लेकिन कहा कि राज्य के विकास के लिए और उपाय जरूरी हैं।

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

केरल में इस साल होने वाले विधासनभा से पहले राज्यभर की सियासत में गर्माहट तेज है। राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। इसी बीच रविवार को केरल दौर पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक साथ कई मामलों को लेकर राज्य की सत्तारूढ़ विजयन सरकार पर तीखा हमला बोला। तिरुवनंतपुरम में केरल कौमुदी द्वारा आयोजित ह्यन्यू इंडिया, न्यू केरलह्व सम्मेलन में शाह ने एक साथ कई मुद्दों पर खुलकर अपनी राय दी। उन्होंने केरल के आर्थिक विकास, राजनीति और सुरक्षा से जुड़े कई सवालों उठाए।सम्मेलन में शाह ने कहा कि अमित शाह ने कहा कि 2004-2014 में यूपीए सरकार ने केरल को 72,000 करोड़ रुपये दिए, जबकि 2014-2024 में एनडीए सरकार ने 3,23,000 करोड़ रुपये दिए, बावजूद इसके कि राज्य में उनकी पार्टी की सरकार नहीं थी।

# संघ धीरे-धीरे विकसित हो रहा है : मोहन भागवत



**एजेंसी। नई दिल्ली**

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बदल नहीं रहा है, बल्कि समय के साथ धीरे-धीरे विकसित हो रहा है और बस सामने आ रहा है। मोहन भागवत दिल्ली स्थित संगठन के कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जहां आने वाली फिल्म 'शतक' के गाने के एल्बम को लॉन्च किया गया। यह फिल्म आरएसएस के 100 साल के सफर की कहानी बताती है। आरएसएस प्रमुख भागवत ने अपने संबोधन में कहा, 'संगठन अपनी शताब्दी मना रहा है। लेकिन जैसे-जैसे संगठन विकसित होता है और नए रूप लेता है, लोग इसे बदलते हुए देखते हैं। हालांकि यह असल में बदल नहीं रहा है बस धीरे-धीरे सामने आ रहा है।' बता दें कि इस मौके पर सिंगर सुखविंदर सिंह, डायरेक्टर आशीष मल्ल, को-प्रोड्यूसर आशीष तिवारी और आरएसएस पदाधिकारी भैयाजी जोशी मौजूद रहे। उन्होंने आगे कहा, 'जैसे एक बीज से अंकुर निकलता है और फलों और फूलों से लदा हुआ परिपक्व पेड़ का एक अलग रूप होता है, ये दोनों रूप अलग-अलग हैं।

## वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन वैश्विक विकास, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझेदारी का एक मजबूत मंच

# भारत तेजी से बन रहा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : पीएम मोदी



❍ देश में नई पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू किए गए हैं, जिनका अच्छा असर हर क्षेत्र में देखने को मिला

### सोमनाथ के इतिहास को भुलाने की कोशिश हुई

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा 'अगर किसी देश के पास 100 साल पुरानी विरासत होती है तो वह देश उसे अपनी पहचान बनाकर दुनिया के सामने प्रस्तुत करता है, वहीं भारत के पास सोमनाथ जैसे हजारों साल पुराने पुण्यस्थान है, लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के बाद गुलामी की मानसिकता वाले लोगों ने उनसे पल्ला झाड़ने की कोशिश की, उस इतिहास को भूलाने के प्रयास हुए। हम जानते हैं कि सोमनाथ की रक्षा के लिए देश ने कैसे-कैसे बलिदान दिए थे, कितने ही नायकों का इतिहास सोमनाथ मंदिर से जुड़ा है लेकिन दुर्भाग्य से इसे कभी उतना महत्व नहीं दिया गया बल्कि आक्रमण के इतिहास को भी कुछ राजनेताओं और इतिहासकारों द्वारा व्हाइटवॉश करने की कोशिश की गई।'

### आज भी साजिशें जारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जो लोग अपने धर्म के प्रति सच्चे हैं, वे कभी भी कट्टरपंथी सोच का समर्थन नहीं कर सकते। लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों ने हमेशा ऐसी सोच के सामने घुटने टेके हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जब भारत आजाद हुआ और सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया, तब भी उन्हें रोकने की कोशिशें की गईं। उन्होंने बताया कि 1951 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के सोमनाथ आने पर भी आपत्ति जताई गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भी देश में ऐसी ताकतें मौजूद हैं, जो उस समय सोमनाथ के पुनर्निर्माण का विरोध कर रही थीं।

**एजेंसी। अहमदाबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वे लंबे समय से निवेश को लेकर यह संदेश दे रहे हैं, जो भी निवेश आप करेंगे, वह गुजरात और पूरे देश के विकास में योगदान देगा। इसके साथ ही पीएम मोदी ने वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को लेकर भी अहम बातें कही। उन्होंने कहा कि वे इस सम्मेलन से शुरू से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज यह सम्मेलन सिर्फ निवेश तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह वैश्विक विकास, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझेदारी का एक मजबूत मंच बन गया है। साल दर साल, इसमें वैश्विक साझेदारों की संख्या लगातार बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल ही में देश में नई पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू किए गए हैं, जिनका अच्छा असर हर क्षेत्र में देखने को मिला है। इसके अलावा, भारत ने बीमा क्षेत्र में भी बड़े सुधार किए हैं, जिससे इस सेक्टर को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि करीब 60 साल बाद आयकर कानून को आधुनिक बनाया गया है, जिससे करोड़ों टैक्सदाताओं को फायदा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में ऐतिहासिक श्रम सुधार भी लागू किए गए हैं। इन सुधारों से न सिर्फ उद्योग जगत को फायदा हुआ है, बल्कि मजदूरों के हितों की भी रक्षा हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत इन सुधारों के सहारे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में देश विकसित भारत के सपने को जरूर साकार करेगा।

# सुवेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला



**एजेंसी। कोलकाता**

बंगाल में 2026 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक हिंसा का दौर तेज हो गया है। शनिवार, 10 जनवरी की रात पश्चिम मेदिनीपुर के चंद्रकोना में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला हुआ। सुवेंदु अधिकारी पर हुए इस हमले ने राज्य से लेकर दिल्ली तक हड़कंप मचा दिया है। इस घटना को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सख्त रुख अपनाते हुए राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। जानकारी के अनुसार, सुवेंदु अधिकारी पुरुलिया में एक कार्यक्रम के बाद कोलकाता लौट रहे थे, तभी चंद्रकोना रोड मार्केट के पास तृणमूल कांग्रेस के झंडे लिए भीड़ ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने बांस की लाठियों से उनकी बुलेटप्रूफ गाड़ी पर हमला किया। सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया कि यह हमला काफी देर तक चलता रहा, लेकिन स्थानीय पुलिस मूकदर्शक बनी रही। इस घटना के विरोध में भाजपा नेता चंद्रकोना थाने के फर्श पर ही धरने पर बैठ गए। हमले के वीडियो फुटेज अब गृह मंत्रालय को भेज दिए गए हैं। अधिकारी पर हुए हमले के बाद भाजपा नेतृत्व ने ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा आइटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने इसे एक सोची-समझी साजिश करार देते हुए कहा, 'यह हमला तृणमूल के शीर्ष नेतृत्व के इशारे पर किया गया है।

# वायु प्रदूषण पर कांग्रेस ने केंद्र को घेरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर सहित आसपास इलाकों में सर्दी के मौसम के बीच वायु प्रदूषण ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। दिल्लीवासी कड़ाके की ठंड के साथ-साथ प्रदूषित हवा की दोहरी मार झेल रहे हैं। शनिवार को भी वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज की गई थी, और रविवार सुबह भी कई इलाकों में एक्यूआई का स्तर 'खराब' से 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है। ऐसे में कांग्रेस लगातार वायु प्रदूषण के मुद्दे पर केंद्र की भाजपा सरकार पर हमलावर है। दरअसल, एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, रविवार सुबह दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 297 दर्ज किया गया है, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि वायु गुणवत्ता एक देशव्यापी, ढांचागत संकट है, जिसके लिए सरकार की प्रतिक्रिया बहुत ही बेकार और नाकाफी है। कांग्रेस ने इसके लिए नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम में पूरी तरह से सुधार की मांग की है। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने अपने पोस्ट में लिखा कि नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम अब नोशनल क्लीन एयर प्रोग्राम यानी कागजी बनकर रह गया है। इसी के साथ उन्होंने सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के एक नए विश्लेषण को लेकर केंद्र सरकार को घेरा है।







# स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवा सिर्फ पढ़े नहीं, बल्कि उसे आत्मसात भी करें : प्रो. अखिलेश



**केटी न्यूज/बक्सर**

युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व को समर्पित एक गरिमामय बौद्धिक प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय केशवकुंज, झंडेवालान के सभागार में किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए शिक्षाविदों, विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों, सरकारी अधिकारियों, समाजसेवियों, शोधकताओं एवं बुद्धिजीवियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों को वर्तमान पीढ़ी तक पहुंचाना और राष्ट्र निर्माण में उनकी प्रासंगिकता को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं संगठन, दिल्ली के उपाध्यक्ष सह बक्सर निवासी प्रो. अखिलेश कुमार दुबे ने बीज वक्तव्य प्रस्तुत किया। वहीं अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, दिल्ली के संगठन मंत्री माननीय डॉ. बालमुकुंद ने अपने आशीर्वचन से उपस्थितजनों को प्रेरित किया।

अपने सारगर्भित संबोधन में प्रो. अखिलेश कुमार दुबे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश केवल आध्यात्मिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि वह शारीरिक, मानसिक, नैतिक और चारित्रिक विकास का समग्र मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे विवेकानंद के विचारों को केवल पढ़ें नहीं, बल्कि अपने जीवन और कर्म में उतारें।

इसी क्रम में प्रो. दुबे ने बिहार के बक्सर जिले को विश्व मानचित्र पर उचित स्थान दिलाने की सशक्त मांग उठाई। उन्होंने कहा कि ह्यमिनी काशीह्ल के नाम से प्रसिद्ध बक्सर पौराणिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। रामायण काल से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक बक्सर की भूमिका ऐतिहासिक रही है, किंतु आज भी यह अपनी पहचान के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने बक्सर की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, उनके वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने एक स्वर में स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में आत्मसात करने, युवा शक्ति को राष्ट्र सेवा से जोड़ने तथा भारत की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का आह्वान किया। यह बौद्धिक आयोजन न केवल विचारों का आदान-प्रदान बना, बल्कि राष्ट्र और संस्कृति के प्रति नई चेतना जगाने का माध्यम भी सिद्ध हुआ।

# मनरेगा से छेड़छाड़ पर कांग्रेस का गांधीवादी वार
# बक्सर में उपवास से केंद्र सरकार को ललकारा

- **रोजगार अधिकार है, आस्था नहीं, मनरेगा के नाम व स्वरूप में बदलाव के खिलाफ जिला कांग्रेस का एकदिवसीय उपवास**




**केटी न्यूज/बक्सर**

केंद्र सरकार की नीतियों और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के नाम व मूल स्वरूप में बदलाव की चचाओं के विरोध में बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को एकदिवसीय शांतिपूर्ण उपवास कार्यक्रम आयोजित कर सियासी तापमान बढ़ा दिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम को कांग्रेस ने ह्लगरीबों के अधिकार की रक्षा का संघर्षह्व करार दिया।

उपवास कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय ने की। मंच पर पूर्व विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, पूर्व विधायक विश्वनाथ राम, डॉ. प्रमोद ओझा सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे, जबकि बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और मनरेगा मजदूरों की भागीदारी ने कार्यक्रम को जन-आंदोलन का रूप दे दिया।

उपवास के समापन पर डॉ. मनोज पांडेय ने केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि मनरेगा किसी सरकार की कृपा नहीं, बल्कि देश के गरीब और श्रमिक वर्ग का कानूनी अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि नाम और स्वरूप बदलने की कोशिश संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना के खिलाफ है। ह्लधर्म आस्था का विषय है, रोजगार नागरिक का अधिकार,ह्व कहते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी।

डॉ. पांडेय ने याद दिलाया कि वर्ष 2005 में यूपीए सरकार ने मनरेगा लागू कर ग्रामीण भारत को रोजगार की गारंटी दी, जिससे पलायन, भुखमरी और बेरोजगारी पर अंकुश लगा। लेकिन आज बजट में कटौती, काम के अवसरों में कमी और मजदूरी भुगतान में देरी से यह योजना कमजोर की जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि मजदूरी समय पर क्यों नहीं मिल रही। काम मांगने पर काम क्यों नहीं दिया जा रहा। बजट हर साल क्यों घटाया जा रहा है।

पूर्व विधायक संजय कुमार तिवारी और विश्वनाथ राम ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम पर राजनीतिक प्रयोग लोकतंत्र के लिए खतरा है। उनका आरोप था कि केंद्र सरकार गरीबों की योजनाओं को कमजोर कर उनके अधिकार छीनना चाहती है, जिसे कांग्रेस कभी स्वीकार नहीं करेगी। डॉ. प्रमोद ओझा ने मनरेगा को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताते हुए कहा कि इस योजना ने गरीबों को काम के साथ सम्मान दिया। कार्यक्रम में कांग्रेस ने केंद्र सरकार के सामने पांच प्रमुख मांगें रखींकृ मनरेगा का नाम व मूल स्वरूप यथावत रखा जाए, योजना को कमजोर करने के प्रयास बंद हों, मजदूरों को समय पर पूरी मजदूरी मिले, काम मांगने पर काम देने की कानूनी व्यवस्था सख्ती से लागू हो और बजट में पर्याप्त वृद्धि की जाए।

आगे की रणनीति की घोषणा करते हुए डॉ. पांडेय ने बताया कि 12 से 29 जनवरी 2026 तक जिले की हर ग्राम पंचायत में चौपाल कार्यक्रम होंगे और राष्ट्रपति के नाम पोस्टकार्ड अभियान चलाया जाएगा। चेतावनी भरे लहजे में उन्होंने कहा कि यदि मनरेगा से छेड़छाड़ जारी रही तो कांग्रेस सड़क से संसद तक निर्णायक संघर्ष करेगी।

## एक नजर

### भैंस चोरी का खुलासा कर पुलिस ने दो शातिरों को दबोचा

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र में सक्रिय पशु चोरों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नियमित रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस ने न सिर्फ चोरी की गई भैंस को बरामद किया, बल्कि इस वारदात में शामिल दो चोरों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र के पशुपालकों ने राहत की सांस ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते शुक्रवार की रात कतलपुर गांव निवासी किसान रामायण सिंह की भैंस अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। घटना के बाद पीड़ित किसान ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए नावानगर थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम को सतर्क कर दिया गया था। इसी क्रम में परमडीह पुल के समीप रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस की नजर दो संदिग्ध व्यक्तियों पर पड़ी, जो एक भैंस को हांकते हुए ले जा रहे थे। संदेह होने पर पुलिस ने दोनों को रोककर पूछताछ की। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्हें थाना लाया गया, जहां कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने भैंस चोरी की बात स्वीकार कर ली। थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दावथ थाना क्षेत्र के बभनौल गांव निवासी सचिन नट और टीनू नट के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं, बरामद की गई भैंस को कागजी कार्रवाई के बाद उसके असली मालिक रामायण सिंह को सौंप दिया गया।

### केसठ पंचायत के उप मुखिया के पिता का निधन, शोक की लहर



**केसठ।** केसठ पंचायत के उप मुखिया अमितेश कुमार गुप्ता के पिता एवं सिविल कोर्ट बक्सर के वरिष्ठ अधिवक्ता मुनमुन वकील का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से पंचायत, प्रखंड और जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि उन्हें अचानक हृदय में तेज दर्द की शिकायत हुई। परिजन तत्काल उन्हें सदर अस्पताल बक्सर लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।रविवार को जब उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा तो पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल हो गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। सिविल कोर्ट बक्सर के अधिवक्ताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर केसठ पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान, बीडीसी सदस्य असलम हुसैन,वार्ड सदस्य मुकुंद प्रसाद, पासुराम पासवान, सलाहुद्दीन अंसारी, उप मुखिया कतिकन्नार दीपक सिंह, रजनीश कुमार, सुनील कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव सहित प्रखंड व जिले के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत अधिवक्ता के सामाजिक योगदान और उनके सरल, नेक स्वभाव को याद किया।लोगों ने कहा कि वे एक ईमानदार और जनहित के लिए समर्पित अधिवक्ता थे। उनका अचानक इस तरह चले जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका अंतिम संस्कार बक्सर श्मशान घाट में किया जाएगा।

# 315वें रविवार भी नहीं टूटा संकल्प, चौसा में जनभागीदारी से गंगा स्वच्छता की मिसाल



**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा में गंगा स्वच्छता अब केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुकी है। ह्लहर रविवार गंगा पुकार द निर्मल गंगा संकल्प हमाराह्ल के उद्घोष के साथ रविवार को 315वें साप्ताहिक गंगा स्वच्छता महाअभियान का आयोजन कर यह संदेश दिया गया कि निरंतरता और जनभागीदारी से ही बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। नगर पंचायत चौसा के बाजार घाट पर सुबह 7 बजे से 9 बजे तक चले इस अभियान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

इस पहल का नेतृत्व कर रहे गंगा युवा समिति, चौसा के संयोजक भरत पांडेयकृजिन्हें स्थानीय लोग ह्लगंगा पुत्रह्ल के नाम से जानते हैंकृने एक बार फिर यह साबित किया कि सामाजिक बदलाव किसी सरकारी आदेश से नहीं, बल्कि लोगों की सामूहिक इच्छाशक्ति से आता है। उनके मार्गदर्शन में युवाओं ने गंगा तट की सफाई की, कचरे का निस्तारण किया और घाट को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया।

अभियान के दौरान स्नान के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं, खासकर माता-बहनों और युवाओं को गंगा की पवित्रता बनाए रखने का सामूहिक संकल्प दिलाया गया। प्लास्टिक और अपशिष्ट से दूर रहने, पूजा सामग्री को निर्धारित स्थान पर ही विसर्जित करने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की गई। इससे यह स्पष्ट हुआ कि स्वच्छता केवल श्रमदान तक सीमित नहीं, बल्कि व्यवहार परिवर्तन की प्रक्रिया है।

स्थानीय युवाओं का कहना है कि इस नियमित अभियान ने उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार बनाया है। हर रविवार घाट पर जुटकर सफाई करना उनके लिए सेवा और संस्कार दोनों बन गया है। अभियान में मंगल देव पासवान, राधेश्याम चौधरी, प्रमोद कुमार, नीरज चौरसिया सहित अनेक युवा सक्रिय रूप से शामिल रहे। 315 सप्ताहों से लगातार जारी यह प्रयास चौसा के लिए एक उदाहरण बन चुका हैकृजहां युवा नेतृत्व, सामाजिक चेतना और पर्यावरण संरक्षण एक साथ आगे बढ़ रहे हैं।

# डुमरांव में रेलयात्री कल्याण समिति की अहम बैठक, वार्षिक सम्मेलन सह चुड़ा-दही भोज की तैयारियों पर हुआ मंथन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

रेलयात्री कल्याण समिति शाखा डुमरांव की एक महत्वपूर्ण बैठक स्टेशन के समीप स्थित शाखा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बीजेन्द्र यादव ने की, जबकि संचालन शाखा अध्यक्ष मुन्ना यादव ने किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार सिंह की विशेष उपस्थिति रही, जिससे बैठक को विशेष महत्व मिला।




बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले रेलयात्री कल्याण समिति के वार्षिक सम्मेलन सह चुड़ा-दही भोज की तैयारियों की समीक्षा एवं रूपरेखा तय करना था। इस अवसर पर आयोजन की व्यवस्थाओं, सहभागिता, अनुशासन तथा कार्यक्रम की सफलता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर समिति द्वारा वार्षिक सम्मेलन सह चुड़ा-दही भोज का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में समिति की सभी शाखाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान बीते वर्ष के कार्यों की समीक्षा की जाएगी तथा आगामी वर्ष के लिए नई कार्ययोजना तैयार कर उसे प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया जाएगा। बैठक का संचालन करते हुए शाखा अध्यक्ष मुन्ना यादव ने कहा कि डुमरांव शाखा से इस बार बड़ी संख्या में सदस्य वार्षिक सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि नया वर्ष रेलयात्री कल्याण समिति के लिए नई ऊर्जा और नए संकल्पों के साथ कार्य करने का अवसर लेकर आया है। समिति राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान और प्रभाव को और मजबूत करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।

बैठक में राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य रासबिहारी सिंह, रामबाबू कुशवाहा, भुवर सिद्दकी, छोटे सिंह, बिजली राम, प्रेमप्रकाश पांडेय, विनय सिंह, परशुराम प्रसाद सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# पीसीडीए के निमंत्रण पर झूम उठे पूर्व सैनिक
# आईईएसएम बक्सर की बैठक में उमड़ा उत्साह

- **मां मुंडेश्वरी अस्पताल में हुई मासिक बैठक, पेंशन, शहीद सम्मान और गणतंत्र दिवस की तैयारी पर अहम फैसले**



**केटी न्यूज/बक्सर**

भारतीय पूर्व सैनिक संगठन (आईईएसएम) बक्सर की मासिक बैठक रविवार को मां मुंडेश्वरी अस्पताल परिसर में उत्साह और एकजुटता के माहौल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के डायरेक्टर डॉक्टर मेजर पी. के. पाण्डेय एवं जिलाध्यक्ष सूबेदार हरेंद्र तिवारी ने संयुक्त रूप से की, जबकि मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्यासागर चौबे ने किया। बैठक में जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 150 पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं की भागीदारी रही। जैसे ही पीसीडीए (प्रधान लेखा नियंत्रक रक्षा लेखा) के निमंत्रण की जानकारी साझा की गई, सभागार तालियों से गूंज उठा और पूर्व सैनिकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इसे पूर्व सैनिकों के हित में एक बड़ी उपलब्धि बताया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित सैनिकों ने एक स्वर में शहीद स्मारक में युद्ध क्षेत्र में शहीद जिले के 16 वीर जवानों के नाम शिलापट्ट पर अंकित कराने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी भोजपुर प्रद्युम्न सिंह एवं बक्सर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी सुरेश सिंह को हार्दिक बधाई दी। साथ ही इस पहल में सक्रिय भूमिका निभाने वाले संगठन के पदाधिकारियों एवं पूरी टीम की सराहना की गई। बैठक में संगठन की मजबूती की दिशा में 20 नए पूर्व सैनिकों ने सदस्यता ग्रहण की। आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया, वहीं वेटरन दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 55 सैनिकों ने अपना नाम दर्ज कराया। बैठक का एक अहम पहलू पेंशन से जुड़ा रहा। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए पूर्व सैनिकों ने अपने दस्तावेजों की जांच कराई। जिनकी पेंशन में त्रुटियां थीं, उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष सूबेदार हरेंद्र तिवारी ने पेंशन संबंधी नियमों और प्रक्रियाओं को सरल शब्दों में समझाया। राजपुर प्रखंड के पुरैनी गांव निवासी हवलदार राम प्रवेश के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सभापति कैप्टन बी. एन. पाण्डेय ने बैठक समाप्ति की घोषणा की। बैठक में जिला महासचिव कैप्टन श्रीनिवास सिंह, लेफ्टिनेंट आर. बी. ओझा, कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर आर. बी. सिंह, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रिंकी देवी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, पूर्व सैनिक और वीरांगनाएं मौजूद रहीं। बैठक ने संगठन की एकता और पूर्व सैनिकों के सम्मान के संकल्प को और मजबूत किया।



# बेहतर कानून-व्यवस्था व अनुसंधान की गुणवत्ता पर क्राइम मीटिंग में एसपी ने डुमरांव थानाध्यक्ष को किया सम्मानित

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जिले में प्रभावी कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग के बेहतर मानकों को स्थापित करने की दिशा में डुमरांव थाना एक उदाहरण के रूप में उभरकर सामने आया है। इसी कड़ी में डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान शनिवार को जिला स्तर पर आयोजित क्राइम मीटिंग के दौरान दिया गया, जहां एसपी ने जिले की समग्र विधि-व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। क्राइम मीटिंग में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन, अनुसंधान की प्रगति, शराबबंदी कानून के अनुपालन तथा जनता से संवाद जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान डुमरांव थाना क्षेत्र में अपराध की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, त्वरित पुलिस कार्रवाई और संवेदनशील मामलों में तत्परता को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। इन्हीं उपलब्धियों के आधार पर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा को प्रशस्ति पत्र एवं अनुसंधान किट प्रदान कर सम्मानित किया गया।



पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने इस अवसर पर कहा कि आधुनिक पुलिसिंग का उद्देश्य केवल अपराधियों पर कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाना और आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास पैदा करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डुमरांव थाना ने टीमवर्क और अनुशासित कार्यशैली के माध्यम से यह सिद्ध किया है कि सही नेतृत्व और स्पष्ट दिशा से थाना स्तर पर बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। एसपी ने उम्मीद जताई कि अन्य थाने भी डुमरांव मॉडल से प्रेरणा लेकर अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर परिणाम देंगे। सम्मान प्राप्त करने के बाद थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने इसे व्यक्तिगत उपलब्धि मानने के बजाय पूरे थाना स्टाफ की सामूहिक मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनकी जिम्मेदारियों को और बढ़ाता है तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा मिला यह प्रोत्साहन भविष्य में और अधिक ऊर्जा के साथ काम करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपराध नियंत्रण, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और जनता के साथ सकारात्मक संवाद को प्राथमिकता दी जाती रहेगी। क्राइम मीटिंग में जिले के वरीय पुलिस अधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक के दौरान अन्य पुलिसकर्मियों को भी उनके सराहनीय कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया गया। अधिकारियों का मानना है कि इस तरह के सम्मान और प्रोत्साहन से पुलिस बल का मनोबल बढ़ता है और बेहतर विधि-व्यवस्था संचालन की दिशा में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा विकसित होती है।

## एक नजर

### सरकारी योजनाओं से जुड़ाव की शर्त बना ई-केवाईसी, गांवों में उमड़ रहे किसान

**चक्की।** सरकार की एग्री स्टैक पहल के तहत किसानों को एकीकृत डिजिटल पहचान से जोड़ने की कवायद अब गांव-गांव तक पहुंच चुकी है। इसी क्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में ई-केवाईसी और फार्मर आईडी पंजीकरण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पंचायत भवनों और ई-किसान भवनों में लगाए गए शिविरों में किसानों की लगातार भीड़ देखी जा रही है, जिससे यह स्पष्ट है कि ग्रामीण अब सरकारी योजनाओं को लेकर अधिक जागरूक हो रहे हैं। शिविरों में पहुंचे किसान आधार कार्ड, भूमि से संबंधित दस्तावेज और मोबाइल फोन के साथ ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। मौके पर मौजूद कर्मियों द्वारा किसानों को यह जानकारी दी जा रही है कि फार्मर आईडी बनना अब अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसके बिना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, डीजल अनुदान, फसल बीमा, कृषि ऋण सहित कई लाभकारी योजनाओं का लाभ भविष्य में नहीं मिल पाएगा। राजस्व कर्मचारी किसानों के जमीन कागजात की जांच कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं, ताकि किसी भी तरह की त्रुटि से बचा जा सके। वहीं किसान सलाहकार और कृषि विभाग से जुड़े कर्मी गांवों में भ्रमण कर लोगों को अभियान के महत्व के बारे में जागरूक कर रहे हैं। वे किसानों से अपील कर रहे हैं कि वे अंतिम समय का इंतजार न करें और समय रहते शिविरों में पहुंचकर ई-केवाईसी अवश्य कराएं। अधिकारियों के अनुसार यह विशेष अभियान 18 जनवरी तक चलेगा। निर्धारित अवधि में जिन किसानों का पंजीकरण नहीं हो पाएगा, उन्हें आगे चलकर योजनाओं का लाभ मिलने में कठिनाई हो सकती है। ऐसे में प्रशासन ने किसानों से सहयोग की अपील की है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस डिजिटल प्रक्रिया से जुड़ सके।

### धान खरीद में सिस्टम फेल, समाजसेवियों ने सहकारिता मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर प्रखंड में धान खरीद की सरकारी व्यवस्था किसानों के लिए राहत नहीं, बल्कि नई परेशानी बनती जा रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए तय धान खरीद लक्ष्य में कटौती ने पूरे सिस्टम की पोल खोल दी है। आरोप है कि कृषि विभाग द्वारा भेजी गई त्रुटिपूर्ण उत्पादन रिपोर्ट के कारण सरकार ने खरीद लक्ष्य घटा दिया, जिसका सीधा खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। कम लक्ष्य को ढाल बनाकर पैक्स प्रबंधन मनमानी पर उतर आया है। बीते वर्षों की तुलना में इस बार जानबूझकर खरीद धीमी रखी जा रही है। ह्वलक्ष्य पूरा हो गयाह्व या ह्वअब और खरीद संभव नहींह्व जैसे तर्क देकर किसानों को टाल दिया जा रहा है। नतीजा यह है कि हफ्तों लाइन में लगने के बाद भी किसानों का धान नहीं खरीदा जा रहा।

**एमएसपी कागजों में, बाजार में लूट :** सरकार जहां 2369 प्रति क्विंटल की न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित कर चुकी है, वहीं पैक्स की निष्क्रियता के कारण किसान खुले बाजार में 1500 से 1650 प्रति क्विंटल में धान बेचने को मजबूर हैं। यह सीधा-सीधा किसानों की मेहनत पर डाका है। पैक्सों द्वारा 17 प्रतिशत से अधिक नमी का हवाला देकर धान लौटाया जा रहा है, जबकि व्यावहारिक स्तर पर यह शर्त किसानों के लिए लगभग असंभव साबित हो रही है।

**बिचौलियों की चांदी :** खरीद प्रक्रिया में देरी का सबसे बड़ा फायदा बिचौलियों को मिल रहा है। वे किसानों से सस्ते में धान खरीदकर बाद में पैक्स में खपा रहे हैं। किसान घाटे में जा रहे हैं और मुनाफा दलालों की जेब में जा रहा है कि यही आज की जमीनी सच्चाई है।

**मंत्री तक पहुंची किसानों की आवाज :** समाजसेवी शैलेश ओझा और भाजपा नेता शंभू चंद्रवंशी ने सहकारिता मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी से मिलकर इस पूरे मामले से अवगत कराया। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर धान खरीद लक्ष्य बढ़ाने, खरीद प्रक्रिया में तेजी और पारदर्शिता लाने तथा बिचौलियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

मंत्री ने मामले को गंभीर बताते हुए पैक्सों को निर्देश देने और विशेष रूप से छोटे किसानों से प्राथमिकता के आधार पर खरीद सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया है। अब देखना यह है कि यह आश्वासन जमीन पर उतरता है या फिर किसान इसी तरह सिस्टम की मार झेलते रहेंगे।

## एसडीपीओ ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी, तीन मोबाईल व जीपीएस सिस्टम बरामद

# औचक छापेमारी में अवैध खनन पर बड़ा प्रहार : हाईवा जब्त एफआईआर दर्ज, 8 लाख शमन शुल्क और 25 गुना रॉयल्टी दंड





- **पंजाब से पटना लाई जा रही थी शराब की खेप, राजस्थान के रहने वाले है तस्कर**

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में अवैध खनन के खिलाफ जिला प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन के स्पष्ट निर्देश और ह्लशून्य सहनशीलताह्व की नीति के तहत 10 जनवरी को खनन विभाग की टीम ने नावानगर थाना क्षेत्र में औचक छापेमारी कर अवैध मिट्टी खनन एवं परिवहन का पदार्फाश किया। कार्रवाई के दौरान बिना वैध अनुज्ञप्ति और ई-चालान के मिट्टी का परिवहन कर रहे एक ट्रक (हाईवा) को जब्त कर लिया गया, जबकि संबंधित वाहन के विरुद्ध नावानगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

**बिना अनुमति चल रहा था खनन और परिवहन**

खनन विभाग की जांच में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि जब्त हाईवा द्वारा अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर उसका परिवहन किया जा रहा था। वाहन के पास न तो खनन से संबंधित कोई वैध लाइसेंस था और न ही परिवहन के लिए आवश्यक ई-चालान। यह कृत्य खनन अधिनियम एवं खनन नियमावली का गंभीर उल्लंघन पाया गया। अधिकारियों ने मौके पर ही वाहन को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया शुरू की।

### आर्थिक दंड से माफिया पर प्रहार

नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए खनन विभाग ने संबंधित वाहन स्वामी या चालक पर 8 लाख का शमन शुल्क अधिरोपित किया है। इसके साथ ही अवैध रूप से निकाली गई मिट्टी पर देय रॉयल्टी का 25 गुना दंड भी लगाया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह दंड इसलिए लगाया गया है ताकि अवैध खनन में संलिप्त लोगों को कड़ा संदेश दिया जा सके और भविष्य में इस तरह की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### थाना में एफआईआर, आगे भी होगी कार्रवाई

वाहन जब्ती के साथ-साथ नावानगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार मामले की जांच आगे भी जारी रहेगी और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। यदि जांच में और तथ्य सामने आते हैं तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ अतिरिक्त कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### जिला प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति

जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के मामलों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। नदियों, खेतों और सरकारी भूमि से अवैध रूप से मिट्टी, बालू या अन्य खनिजों के दोहन से पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंचती है, जिसे देखते हुए प्रशासन ने सतत निगरानी व्यवस्था लागू कर रखी है। खनन विभाग, पुलिस प्रशासन और अंचल स्तर के अधिकारियों को संयुक्त रूप से नियमित छापेमारी के निर्देश दिए गए हैं।

### वैध प्रक्रिया अपनाने की सख्त हिदायत

प्रशासन की ओर से खनन और खनिज परिवहन से जुड़े सभी लोगों को कड़ी चेतावनी दी गई है कि वे केवल वैध अनुज्ञप्ति, निर्धारित क्षेत्र और ई-चालान के माध्यम से ही खनन एवं परिवहन का कार्य करें। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर वाहन जब्ती, प्राथमिकी और भारी आर्थिक दंड जैसी कठोर कार्रवाई तय है।

### अवैध खनन पर नहीं होगी कोई रियायत

अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई केवल एक शुरूआत है। जिले में अवैध खनन के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि कानून तोड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और पर्यावरण तथा राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मोबाइल घर छोड़ निकला घर से निकला युवक, नगर थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज, पुलिस अलर्ट

**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर थाना क्षेत्र में एक युवक के अचानक लापता होने से सनसनी फैल गई है। मामला तब गंभीर हो गया जब युवक के घर से निकलने के बाद परिजनों को मिला संदेश आशंका बढ़ाने वाला बताया जा रहा है। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई और मां ने नगर थाना में आवेदन देकर बेटे की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या 06, चरित्रवन नौलंखा मंदिर के पास रहने वाली श्वेता देवी के अनुसार उनका बड़ा बेटा रितेश कुमार पाल (22) 11 जनवरी को दिन के करीब 9 बजे बिना बताए घर से निकला। इसके बाद परिजनों को एक संदेश मिला, जिससे परिवार की चिंता बढ़ गई। चिंताजनक यह भी है कि युवक अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ गया, जिससे उससे संपर्क पूरी तरह टूट गया।

परिजनों ने बताया कि बेटे के लापता होने के बाद रिश्तेदारों और परिचितों के यहां व्यापक खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थक-हारकर नगर थाना में लिखित आवेदन दिया गया। आवेदन में युवक के पहनावे और हुलिए का विवरण भी दिया गया है, ताकि तलाश में सहूलियत हो।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए परिजनों ने पुलिस से त्वरित और सहानुभूतिपूर्ण कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि गुमशुदगी दर्ज कर संभावित ठिकानों, सीसीटीवी फुटेज और संपर्कों के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय स्तर पर भी सूचना साझा कर खोज अभियान तेज किया गया है। फिलहाल पूरे इलाके में युवक की सुरक्षित वापसी को लेकर दुआएं और इंतजार जारी है, वहीं पुलिस प्रशासन मामले को प्राथमिकता में लेकर कार्रवाई का भरोसा दे रहा है।

# किसान रजिस्ट्री अभियान में प्रशासन सख्त, घर-घर जाकर पंजीकरण का लक्ष्य

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी, समयबद्ध और सुगम रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किसान रजिस्ट्री अभियान को युद्धस्तर पर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में घर-घर जाकर किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी पात्र किसान पंजीकरण से वंचित न रहे, इसके लिए हर स्तर पर कड़ी निगरानी और जवाबदेही तय की गई है। अभियान के अंतर्गत सभी सर्वे अमीन एवं राजस्व कर्मचारी अपने-अपने हल्का क्षेत्रों में जाकर प्रत्येक किसान से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर रहे हैं। किसानों की भूमि, फसल एवं व्यक्तिगत विवरण का सत्यापन कर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस कार्य में लापरवाही या शिथिलता बरतने वाले कर्मियों पर सख्त कार्रवाई के संकेत भी प्रशासन की ओर से दिए गए हैं। किसान रजिस्ट्री अभियान की प्रगति पर सतत नजर रखने के लिए दोनों अनुमंडलों के अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता तथा सभी प्रखंड स्तरीय प्रभारी पदाधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं। अधिकारी न केवल पंजीकरण कार्य की समीक्षा कर रहे हैं, बल्कि मौके पर ही कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं, ताकि कार्य में तेजी और गुणवत्ता बनी रहे। तकनीकी एवं प्रक्रियागत अड़चनों के समाधान के लिए प्रखंड और जिला स्तर पर विशेष निगरानी एवं सहायता दल का गठन किया गया है। यह दल पंजीकरण के दौरान सामने आ रही तकनीकी समस्याओं, दस्तावेजों से जुड़ी कठिनाइयों और किसानों की शंकाओं का तत्काल समाधान कर रहा है। इससे किसानों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं और पंजीकरण प्रक्रिया सरल बन रही है। अभियान की गंभीरता को दशार्ते हुए अपर समाहर्ता द्वारा भी विभिन्न पंजीकरण शिविरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य की गति, दस्तावेजों की शुद्धता तथा किसानों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की गई। जहां भी कमियां पाई गईं, वहां संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी, बक्सर ने किसान रजिस्ट्री अभियान को लेकर स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि जिले में यह कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि किसान रजिस्ट्री के पूर्ण होने से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, अनुदान, फसल सहायता और अन्य लाभ सीधे एवं पारदर्शी रूप से प्राप्त हो सकेंगे। प्रशासन का मानना है कि किसान रजिस्ट्री जिले के कृषि तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल वास्तविक किसानों की पहचान सुनिश्चित होगी, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन में भी पारदर्शिता आएगी। लगातार निगरानी, सख्त निर्देश और फील्ड स्तर पर सक्रियता के चलते यह अभियान अब निर्णायक चरण में पहुंच चुका है, और प्रशासन को उम्मीद है कि शीघ्र ही जिले का हर पात्र किसान इस रजिस्ट्री में शामिल होगा।



# डी.के. कॉलेज की प्राचार्या को मिला हिन्दी रत्न अलंकार, डुमरांव का नाम साहित्य जगत में रोशन

- **शिक्षा से साहित्य तक, प्रो. वीणा कुमारी अमृत की सृजनात्म यात्रा को मिला राष्ट्रीय सम्मान**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव स्थित डी.के. कॉलेज की प्राचार्या प्रो. वीणा कुमारी अमृत ने हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जोड़ते हुए महाविद्यालय और पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उन्हें हिन्दी भाषा और साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित ह्यहिन्दी रत्न अलंकारह्ण से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के भव्य आयोजन में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के कर-कमलों से प्रदान किया गया।





**सम्मान समारोह में शिक्षा और साहित्य का संगम**

सम्मान समारोह का वातावरण साहित्यिक गरिमा और बौद्धिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। राज्य भर से आए शिक्षाविद्, साहित्यकार और सामाजिक चिंतक इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। मंच से प्रो. वीणा कुमारी अमृत के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि वे शिक्षा और साहित्य, दोनों क्षेत्रों में समान प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं।

**हिन्दी साहित्य को समर्पित सृजनशील व्यक्तित्व**

प्रो. अमृत की पहचान केवल एक कुशल प्रशासक के रूप में ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील साहित्यकार के रूप में भी स्थापित है। उनकी रचनाएं हिन्दी की अनेक प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। हाल ही में प्रकाशित उनका कविता संग्रह ह्यमेरे हिस्से का आसमानह्ण (वाणी प्रकाशन) अल्प समय में ही पाठकों के बीच विशेष चर्चा का विषय बन गया है। इस संग्रह में समकालीन सामाजिक यथार्थ, स्त्री संवेदना और मानवीय भावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति देखने को मिलती है।

**महाविद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल**

इस सम्मान की खबर मिलते ही डी.के. कॉलेज परिसर में हर्ष और गर्व का वातावरण छा गया। महाविद्यालय के शिक्षक, सीनेट सदस्य और शिक्षकेत्तर कर्मचारी सभी ने इसे संस्थान के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। शिक्षकों ने कहा कि यह सम्मान न केवल प्रो. अमृत की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह कॉलेज के शैक्षणिक और साहित्यिक माहौल को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

**डुमरांव के लिए प्रेरणा, विद्यार्थियों के लिए आदर्श**

स्थानीय बुद्धिजीवियों का मानना है कि प्रो. वीणा कुमारी अमृत का यह सम्मान विद्यार्थियों और नवोदित साहित्यकारों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। उनकी यह उपलब्धि साबित करती है कि छोटे शहरों से भी राष्ट्रीय स्तर की पहचान बनाई जा सकती है। हिन्दी रत्न अलंकार से सम्मानित होकर प्रो. अमृत ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण, सृजनशीलता और सतत प्रयास से शिक्षा और साहित्य, दोनों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर बिहार पब्लिक स्कूल में युवा चेतना कार्यक्रम, पद्मश्री संतोष यादव होंगी मुख्य अतिथि

**केटी न्यूज/बक्सर**

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर बिहार पब्लिक स्कूल, बक्सर के तत्वावधान में 12 जनवरी (सोमवार) को प्रातः 11 बजे ह्लयुवा चेतनाह्व विषयक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बिहार पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित होगा, जिसमें पद्मश्री सम्मानित पर्वतारोही संतोष यादव मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी।

उल्लेखनीय है कि संतोष यादव ने वर्ष 1992 और 1993 में लगातार दो बार माउंट एवरेस्ट पर सफल आरोहण कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया था। वे ऐसा करने वाली विश्व की पहली महिला पर्वतारोही हैं। वर्तमान में वे भारतीय संस्कृति, योग, पर्यावरण संरक्षण, सदाचार, महिला सशक्तिकरण एवं राष्ट्रप्रेम जैसे मूल्यों के प्रचार-प्रसार के लिए देशभर में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान संतोष यादव विद्यार्थियों को संबोधित करेंगी तथा उनसे सीधा संवाद स्थापित कर उनके अनुभव साझा करेंगी। इस अवसर पर बक्सर जिले के विभिन्न विद्यालयों से चयनित विद्यार्थी, शिक्षक एवं प्राचार्य भाग लेंगे। जिले के प्रमुख शिक्षण संस्थानों की सहभागिता से यह आयोजन समावेशी, प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक स्वरूप ग्रहण करेगा।

कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए अपने विद्यालय की निर्धारित यूनिफॉर्म एवं वैध पहचान पत्र (आई-कार्ड) के साथ उपस्थित होना अनिवार्य किया गया है। कार्यक्रम के शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सहयोग एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

पद्मश्री संतोष यादव का बक्सर आगमन जिले के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय माना जा रहा है। कार्यक्रम के उपरांत वे बक्सर के प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं पंचकोश क्षेत्र का भ्रमण भी करेंगी।

जिला प्रशासन, बक्सर की ओर से कार्यक्रम की सार्वजनिक जानकारी साझा करते हुए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्राचार्यों एवं गणमान्य नागरिकों से आयोजन में सहभागिता की अपील की गई है।

# अवैध मिनी गन फैक्ट्री में संलिप्त तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**केटी नयूज/रोहतास**

रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने प्रेसवार्ता कर बताया कि काराकाट थाना कांड संख्या 13/26 के आलोक में सुसंगत विभिन्न धारा अंतर्गत अवैध मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने किया उद्भेदन। मामले में पुलिस ने तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी की है। उन्होंने कहा कि 10 जनवरी की संध्या में आसूचना प्राप्त हुई कि काराकाट थाना क्षेत्र के देव मार्केण्डेय (पड़सर) गांव के पास रामाशंकर शर्मा एवं उसका भतीजा सोनु कुमार जो ग्रील निर्माण का दूकान चलाता है,उसकी आड़ में अवैध रूप से आग्नेयास्त्र का निर्माण बिक्री एवं मरम्मत भी करता है,जहां



छापेमारी करने पर मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्राप्त आसूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बिक्रमगंज सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संकेत कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार,कछवां थानाध्यक्ष मनीष कुमार तथा तकनीकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई रोहतास को भी शामिल किया गया। गठित टीम द्वारा काराकाट थाना क्षेत्र के देव मार्कण्डेय (पड़रसर) गांव के पास स्थित रामाशंकर शर्मा के ग्रील निर्माण दूकान पर छापेमारी की गई। जहां से दो देशी कट्टा,एक जिंदा कारतूस, अर्ध-निर्मित देशी कट्टा,क्षतिग्रस्त देशी कट्टा,तीन क्षतिग्रस्त देशी कट्टा,एक अर्ध-निर्मित पुराना देशी कट्टा,एक मैगजीन,एक खोखा,एक पेचकश, एक लोहा काटने का सीरसा,एक वायरनियर,हथियार का बैरल बनाने में उपयोग किए जाने में दो लोहे का रड, एक नोकिया कंपनी का कीपैड मोबाईल बरामद किया गया । साथ ही पुलिस ने दूकान में मौजूद रामाशंकर शर्मा एवं सोनु कुमार को गिरफ्तार कर लिया । गठित टीम के समक्ष पूछताछ में रामाशंकर शर्मा ने कांड का खुलासा करते हुए बताया कि ये अपने ग्रील निर्माण की दूकान की आड़ में अवैध देशी कट्टा व पिस्टल का निर्माण, मरम्मत तथा बिक्री करते हैं । इस कार्य में कछवां थाना क्षेत्र के दनवार निवासी शशि सिंह भी इनके सहयोगी हैं । गठित टीम द्वारा कछवां थाना क्षेत्र के ग्राम दनवार में छापेमारी की गई ।जहां से शशि सिंह को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया । उसके निशानदेही पर उनके गांव के बगल में स्थित उनके बगीचे से पुआल के नीचे ढ़ककर रखा हुआ हथियार के बैरल बनाने में उपयोग की जाने वाली लोहे का छोटा-बड़ा कुल 6 रड, हथियार बनाने में उपयोग किए जाने वाला स्प्रिंग तथा एक फायर किया हुआ खोखा बरामद किया गया ।जिसके उपरांत शशि सिंह को भी गिरफ्तार किया गया ।

# बंद कमरे में जली अंगीठी बनी जानलेवा, 12 साल के बच्चे की मौत माता-पिता व बहन की हालत गंभीर



**केटी नयूज/आरा**

बिहार के आरा में रविवार की रात एक दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता और छोटी बहन की हालत गंभीर बनी हुई है। इसमें मां की हालत काफी गंभीर है जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है। घटना जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटकी सिंगही गांव की है। घटना का कारण ठंड से बचाव के लिए कमरे में जलाई गई अंगीठी का जहरीला धुआं इस हादसे का कारण बताया जा रहा है। इस घटना की सुचना के बाद नगर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर दवारजा तोड़ कर सभी को बहार निकला और सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहा 12 वर्षीय बालक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के घांघर गांव निवासी चंद्रभूषण सिंह उर्फ बंटी सिंह का 12 वर्षीय पुत्र बजरंगी सिंह है। जबकि बीमार लोगों में उसके पिता, मां पूजा सिंह एवं 9 वर्षीय बहन परिधि सिंह शामिल है। इधर,मृत बालक के पिता बंटी सिंह ने बताया कि वो अपने पूरे परिवार के साथ 27 दिसंबर को बागेश्वर धाम गए हुए थे। काफी अच्छे से पूजाझ्र पाठ भी किया। बेटा बजरंगी धाम पर हर रोज 21 बार परिक्रमा भी करता था। पूजाझ्रपाठ खत्म होने के बाद शनिवार की दोपहर सभी लोग अपने घर आरा शहर के छोटकी सिंगही आ गए थे। इसके बाद ज्यादा ठंड होने के कारण शनिवार की शाम 7 किलो इमली का कोयला लेकर घर आए थे। घर में खाना खाने के बाद बोरसी में इमली के लड़की का आग जलाकर सो गए। इसी बीच रात एक बजे के करीब मेरी बेटी परिधि ने कहा कि सीने में दर्द है। तभी पहले से चल रहे दवा को देने के बाद उसे सोला दिया,फिर पत्नी कहने लगी कि मेरे दोनों हाथों में काफी दर्द है। मैने उसके हाथों को दबाया भी था। लेकिन बेटी की तबियत खराब हो रही थी। फिर रात में ही अपने एक मित्र को फोन कर गाड़ी मंगवाने की बात भी कही थी। इसके बाद मुझे होश नहीं आया। वही परिजन ने बताया कि काफी देरी से हमलोग दरवाजा को खटखटाया था,लेकिन अंदर से किसी की आवाज नहीं आने से हमलोगों ने नगर थाना पुलिस को सूचना दीं। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजे को तोड़कर बाहर निकाला। कमरे में घुसते ही देखा कि सभी लोग सोए हुए है। काफी मशक्कत के बाद बंटी और उसकी बेटी परिधि का आंख घुला। इसके बाद बेटा बजरंगी और पत्नी पूजा समेत सभी लोगों को पुलिस के मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों के अनुसार, अंगीठी से निकलने वाला धुआं अत्यंत खतरनाक होता है, जिसमें कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें होती हैं। बंद कमरे में इसका असर जानलेवा साबित हो सकता है। पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए लोगों से ठंड के मौसम में अंगीठी या कोयले का प्रयोग बंद कमरे में न करने की अपील की है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

# हैचरी फार्म से लापता मजदूर की साजिश रच उसी के मित्र ने किया हत्या




- मौत का साक्ष्य मिटाने के लिए पत्थर के नीचे दबा दिया था शव
- मजदूर का 11वें दिन मिला शव,एक आरोपी गिरफ्तार

**केटी नयूज/नवादा**

रजौली अनुमंडल अंतर्गत थाली थाना क्षेत्र के जयपुर गांव स्थित एक हैचरी फार्म से बीते 31 दिसंबर की रात संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए मध्य प्रदेश के मजदूर सत्यराज साकेत की गुमशुदगी के मामले का पुलिस ने रोंगटे खड़े कर देने वाला खुलासा किया है। इस मामले की शुरूआत तब हुई जब फार्म के मालिक पंकज कुमार वर्मा ने थाली थाने में आवेदन देकर बताया था कि 31 दिसंबर की रात मजदूरों के बीच आपसी विवाद और हाथापाई हुई थी,जिसके बाद तीन मजदूर फार्म से भाग निकले थे। इनमें से दो मजदूर तो वापस लौट आए,लेकिन सत्यराज साकेत का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने जब इस मामले की गहराई से जांच शुरू की और रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार के निर्देश पर रजौली अंचल निरीक्षक के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने तकनीकी अनुसंधान किया,तो यह साधारण गुमशुदगी के बजाय एक दर्दनाक हादसे और साक्ष्य छिपाने की बड़ी साजिश निकली। एसडीपीओ ने घटना के बाद शव बरामदगी पर प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस तफ्तीश में यह सनसनीखेज सच सामने आया है कि अकबरपुर थाना क्षेत्र के छपरा निवासी विक्रम कुमार और उसके साथियों ने जंगली जानवरों के शिकार के लिए जंगल के समीप 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से अवैध टोका लगाकर नंगा तार फैलाया था और इसी हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से मजदूर सत्यराज साकेत की मौके पर ही मौत हो गई थी। कानूनी कार्रवाई के डर से आरोपियों ने शव को प्लास्टिक में बांधकर कड़री डोम क्षेत्र स्थित पहाड़ी ट्रेंच में पत्थरों के नीचे दबा दिया था, जिसे पुलिस ने मुख्य आरोपी 19 वर्षीय विक्रम कुमार की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर राजपुर जंगल से बरामद कर लिया है। वर्तमान में पुलिस फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाली थानाध्यक्ष दीपक कुमार के नेतृत्व में लगातार छापेमारी कर रही है।

# पटना के मेदांता हॉस्पिटल में इलाज के दौरान 18 वर्षीया युवती की मौत, जांच के घेरे में पूरा मामला

**एजेंसी। पटना**

पटना के मेदांता हॉस्पिटल में इलाज के दौरान 18 वर्षीया एक युवती की मौत हो गई, जिससे पूरा मामला जांच के दायरे में आ गया। युवती के परिजनों ने इससे पहले 9 जनवरी को चित्रगुप्त नगर थाना में मारपीट और यौन उत्पीड़न (सेक्सुअल हैरेसमेंट) का आरोप लगाते हुए ऋक्रफ़दर्ज कराई थी। अब युवती की मौत के बाद मामले ने गंभीर मोड़ ले लिया है। पुलिस के अनुसार, प्राथमिकी दर्ज होने के बाद मेदांता अस्पताल के डॉक्टरों और जिस हॉस्टल में युवती रहती थी, वहां की वार्डन का बयान दर्ज किया गया। एएसपी अभिनव कुमार ने बताया कि 9 जनवरी को ही केस दर्ज कर लिया गया था और मामले से जुड़े सभी पक्षों से पूछताछ की जा चुकी है। एएसपी अभिनव कुमार के मुताबिक, मेदांता अस्पताल के चिकित्सकों ने अपने बयान में किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न के आरोपों से इनकार किया है। डॉक्टरों का कहना है कि



युवती मियादी बुखार से पीड़ित थी और उसे नींद की गोलियां लेने की आदत थी। पुलिस ने जब युवती के कमरे की तलाशी ली, तो वहां से बड़ी मात्रा में नींद की गोलियां बरामद की गईं। वहीं, युवती के परिजनों ने पुलिस और थाना की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि पुलिस इस पूरे मामले में संदिग्ध भूमिका निभा रही है और सच्चाई को दबाने की कोशिश की जा रही है। इसी कारण परिजनों ने पोस्टमार्टम की वीडियो रिकॉर्डिंग कराए जाने की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

## एक नजर

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को धूमधाम से लोगों ने मनाया

**बिक्रमगंज ।** प्रखंड क्षेत्र के घुसिया खुर्द गांव के शिवालय में संध्या 6 बजे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व बड़े ही धूमधाम से सोमनाथ आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने पर मनाते हुए दीप प्रज्वलन एवं ओमकार जप का आयोजन किया गया। अवसर पर भारतीय जनता पाटी के जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र साह ने अपने आत्मीय जनों से इतिहास से सबक लेने का आग्रह किया। हमारे आजकल के बच्चे जितना अन्य विषयों को जानते है उतना अपना ही इतिहास को नहीं जानते परिणाम यह होता है कि वे अपना लक्ष्य ही निर्धारित नहीं कर पाते । जिसके चलते बच्चे में राष्ट्रीयता एवं देश प्रेमी की भावना कम पाई जाती है। उद्घोष भी लगाए गए जय सोमनाथ जय सोमनाथ हर हर महादेव, डॉ. राजेंद्र प्रसाद व सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहे का। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक पहल की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। आधुनिक काल में भारत का सारथी के रूप में अभिनय सराहनीय है। एक नारा था मैं हूं मोदी का परिवार। आप देश को बचाने के लिए इसका स्वरूप बदलना पड़ेगा मैं मोदी हूं। की राह पर देश के लिए चलना पड़ेगा।

### आज पांच घंटे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बिक्रमगंज।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के अंतर्गत 132 केवी नया लाइन का निर्माण होने व पीरो से बिक्रमगंज ट्रांसमिशन लाइन के द्वितीय सर्किट स्ट्रिंगिंग का कार्य चलने को लेकर 33 केवी नोनहर, दावथ व 11 केवी कल्याणी फीडर का विद्युत आपूर्ति 13 जनवरी (मंगलवार) को दिन के 10 बजे से 15 बजे तक बन्द रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने सभी उपभोक्ताओ से आग्रह किया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लेंगे। मरम्मति के दौरान तकनीकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिजली आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया गया है। इससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को सुझाव दिया है कि आवश्यक घरेलू और व्यावसायिक कार्य निर्धारित समय से पहले ही निपटा लें ताकि किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस रखरखाव कार्य का उद्देश्य लाइन व उपकरणों की कार्य क्षमता को दुरुस्त रखना है ताकि निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### सड़क दुर्घटना में बंजारी निवासी युवक की मौत,एक की हालत गंभीर



**रोहतास।** प्रखंड अंतर्गत तुम्बा के समीप बीती रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में बंजारी निवासी विश्वास मोहन उर्फ बादल सिन्हा को जमुहार अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे घायल विनय गुप्ता निवासी तेलकप मोड़ को प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों युवक राज ट्रांसपोर्ट में कार्यरत थे और औरंगाबाद से बंजारी आने के क्रम में यह हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया तथा पुलिस को घटना की सूचना दी गई। विश्वास मोहन को मृत घोषित किए जाने के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई करके शव को परिजनों को सौप दिया गया इस हृदयविदारक हादसे से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं घायल युवक के समुचित इलाज की व्यवस्था करने की मांग की है।

### आरपीएफ ने अंग्रेजी शराब के साथ शराब तस्कर को किया गिरफ्तार



**डेहरी ।** आरपीएफ पुलिस ने अवैध शराब छापेमारी को लेकर निरीक्षक प्रभारी रेसुब डेहरी ऑन सोन रामविलास राम के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक जय प्रकाश चतुर्वेदी साथ आरक्षी उमेश कुमार सिंह, आरक्षी अखिलेश कुमार सिंह सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन गश्त व अपराधी गतिविधि निगरानी के क्रम में हुए न्यू पार्किंग एरिया के पास एक व्यक्ति विपिन कुमार,पिता स्व. तोता सिंह,निवासी हुसानाबाद, राजपुर,थाना राजपुर, जिला रोहतास बिहार को 12 अदद रायल स्टैग सुपिरियर व्हिस्की,12 अदद ओल्ड मोंक रम,12 अदद एम.सी.डोवेल्स व्हिस्की एवं 3 अदद ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया। मौके की सभी आवश्यक कागजी कार्यवाही कर सभी अवैध शराब को बिधिंवत जप्त किया गया। बरामद अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत 21750 रुपए है जिसे अग्रिम कानूनी कार्यवाही वास्ते राजकीय रेल थाना डेहरी आंन सोन को उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त को जब्त शराब के साथ कागजात के साथ सुपुर्द किया गया।

# सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की छुट्टी के लिए नया नियम लागू

**एजेंसी। पटना**

बिहार में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के लिए अब छुट्टी लेने की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल हो गई है। जिला शिक्षा कार्यालय ने सभी शिक्षकों और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसी भी प्रकार की छुट्टी के लिए अब केवल एचआरएम पोर्टल (लफ्ट ढङ्ग१३') का उपयोग किया जाएगा। अब बिना पोर्टल पर आवेदन किए शिक्षक अवकाश पर नहीं जा सकेंगे। यह कदम शिक्षकों की छुट्टियों की प्रक्रिया को तेज, आसान और पारदर्शी बनाने के लिए उठाया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी साकेत रंजन ने बताया कि पिछले महीने पटना जिले में लगभग 250 शिक्षक बिना पोर्टल के जानकारी दिए ही छुट्टी पर चले गए थे। इस स्थिति को देखते हुए जिला




शिक्षा कार्यालय ने नई प्रणाली को लागू किया है। उन्होंने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी शिक्षक की छुट्टी तभी मान्य होगी जब वह पोर्टल के माध्यम से आवेदन करे और हेडमास्टर द्वारा स्वीकृत हो। नई प्रक्रिया के तहत, शिक्षक जब भी छुट्टी के लिए आवेदन करेंगे, तो उनका आवेदन सीधे पोर्टल पर हेडमास्टर को दिखाई देगा। हेडमास्टर या स्कूल प्रधान ही छुट्टी को स्वीकृत करेंगे। इससे न केवल शिक्षकों को छुट्टी लेने के लिए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि प्रशासनिक कामकाज में भी तेजी आएगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय का कहना है कि इस प्रणाली से शिक्षकों का समय बचेगा और सरकारी कार्यालय में भीड़ कम होगी। इसके अलावा, छुट्टियों के आवेदन की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होने से पारदर्शिता बढ़ेगी और किसी प्रकार की अनियमितता की संभावना नहीं रहेगी। इस नई डिजिटल प्रणाली में महिला शिक्षकों के लिए मातृत्व अवकाश और चाइल्ड केयर लीव के लिए भी सुविधा प्रदान की गई है। महिला शिक्षक अपनी व्यक्तिगत आईडी से पोर्टल पर आवेदन कर सकती हैं। हालांकि, इन छुट्टियों के लिए डीईओ (जिला शिक्षा अधिकारी) की स्वीकृति आवश्यक होगी। वहीं सामान्य प्रकार की क्लासिक छुट्टियाँ, जैसे सिकलिव (रछ) और कैजुअल लीव (उछ), हेडमास्टर या स्कूल प्रधान द्वारा स्वीकृत होने तक शिक्षक को स्कूल आना होगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी साकेत रंजन ने कहा कि यह नई प्रणाली शिक्षकों और प्रशासन दोनों के लिए फायदेमंद है। शिक्षकों को अब कार्यालय आने की जरूरत नहीं होगी और छुट्टी आवेदन की प्रक्रिया तेज और आसान हो जाएगी। साथ ही, प्रशासनिक स्तर पर भी रिकॉर्ड सुरक्षित और ट्रैक करने योग्य होगा। शिक्षा विभाग ने बताया कि लफ्ट पोर्टल के माध्यम से सभी प्रकार की छुट्टियों के आवेदन, स्वीकृति और रिकॉर्ड अब ऑनलाइन किए जाएंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि कागजी कार्रवाई भी कम होगी। इस प्रणाली के आने के बाद किसी शिक्षक द्वारा बिना आवेदन छुट्टी लेने की घटनाओं पर रोक लगाई जा सकेगी।

# मनरेगा नाम परिवर्तन के विरुद्ध में कांग्रेस कमिटी ने किया उपवास धरना प्रदर्शन

**केटी नयूज/रोहतास**

जिला कांग्रेस कमिटी रोहतास के द्वारा मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ केन्द्र में बैठी मोदी सरकार के खिलाफ एकदिवसीय सामूहिक उपवास एवं धरना का कार्यक्रम आयोजित की गई 2004 की केन्द्र की मनमोहन सिंह सरकार के द्वारा मजदूरों को सौ दिन की रोजगार देने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम से रोजगार सीर्जन किया था राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा का नारा देकर देश को आजाद करवाया था जो वर्तमान की सरकार (जी -राम -जी किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी रविवार को गांधी स्मारक धर्मशाला चौक सासाराम के समीप उपवास कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता ने भाग लिया जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों को बेरोजगार करने की एवं देश को कमजोर करने की संविधान विरोधी करवाई जैसा निर्णय के खिलाफ प्रखंड और पंचायत स्तर तक कांग्रेस पार्टी इनके खिलाफ मुहिम चलाएगी। इनका हर निर्णय संविधान विरोधी मजदूर विरोधी किसान विरोधी अल्पसंख्यक विरोधी युवा विरोधी महिला विरोधी का मुखालफत करेगी यह कार्यक्रम 10 बजे दिन से शाम 4बजे तक कार्यक्रम संचालित किया गया जिसमें बिहार प्रदेश के प्रवेक्षक डॉ किशोरी लाल ने भाग लिया जिसमें जिला अध्यक्ष अमरेन्द्र पाण्डेय सहित प्रखंड एवं पंचायतों वार्डो से आए हुए राजेश्वर कुशवाहा, सासाराम नगर अध्यक्ष तौफीक अहमद मकरानी ,जीएम अंसारी, विजय पाठक, दीपक शुक्ला, डॉ जावेद अख्तर, डॉ शैलेश सागर,धनंजय सिंह, अजय चौबे, सुहैल आलम ताजी,ज्ञान चंद ओझा, जय प्रकाश पाण्डेय, सरोज कुमार तिवारी, अनवार खान, उमाशंकर कुशवाहा, राम नारायण राम, रामानुज मिश्रा, मो अय्यूब खान, शादाब अहमद अंसारी, हीरा राम, डॉ.मनोज कुमार, सुशील कुमार मिश्रा, प्रेमा देवी, सौरभ कुशवाहा, एडवोकेट सगीर अहमद, मो. सलमान राईन, धीरज कुमार,

# बिहार को आधा दर्जन नई ट्रेनों की सौगात, रेल यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत



**बारसोई में ठहरने वाली नई ट्रेनों की सूची**

11031 डाउन / 11032 अप, पनवेल-अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस
20610 डाउन / 20609 अप, तिरुचिरापल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस
20604 डाउन / 20603 अप, नागरकोइल-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस
16597 डाउन / 16598 अप, अलीपुरद्वार-एसएमवीटी बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस
15949 अप / 15950 डाउन, डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) एक्सप्रेस
16224 अप / 16223 डाउन, राधिकापुर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस

**एजेंसी। पटना**

अमृत भारत योजना के तहत 17 और 18 जनवरी को उत्तर भारत को दक्षिण भारत और मुंबई से जोड़ने वाली छह नई साप्ताहिक ट्रेनों का लोकार्पण किया जाएगा। इन सभी ट्रेनों का ठहराव बारसोई जंक्शन पर होगा, जिससे क्षेत्रवासियों में उत्साह है। नई ट्रेनों से विशेषकर दक्षिण भारत के बेंगलुरु, कन्याकुमारी और मुंबई की यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे ने 8 जनवरी को इस संबंध में आधिकारिक सूचना पत्र जारी किया। अब तक इन मार्गों पर ट्रेनों की कमी और टिकट उपलब्धता यात्रियों के लिए बड़ी समस्या रही थी। भाजपा नेता पिंटू यादव ने कहा कि बारसोई में साप्ताहिक ट्रेनों का ठहराव मिलने से न केवल बारसोई, बल्कि आसपास के जिलों और पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के लोगों को भी सीधा लाभ मिलेगा। उत्तर दिनाजपुर जिला मुख्यालय रायगंज, कलियागंज, साथ ही पूर्णिया, दालकोला, कटिहार सहित कई क्षेत्रों के यात्री अब बारसोई से आसानी से दक्षिण भारत और मुंबई की यात्रा कर सकेंगे। पहले ही बारसोई जंक्शन आय के आधार पर तीसरी श्रेणी का जंक्शन बन चुका है। नई ट्रेनों के ठहराव से यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ स्टेशन की आय में वृद्धि होगी और भविष्य में यात्री सुविधाओं का विस्तार भी संभव होगा।

## गोलघर को मिलेगा नया रूप, सुविधाओं के विस्तार से बढ़ेगा पर्यटन

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐतिहासिक गोलघर परिसर का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित ऐतिहासिक गोलघर परिसर का भ्रमण कर वहां की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने गोलघर परिसर के पार्क, गोलघर के स्ट्रक्चर की स्थिति के साथ-साथ लाइट एंड साउंड शो एवं लेजर शो की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि गोलघर एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं। उन्होंने अधिकारियों को गोलघर परिसर के सौंदर्यीकरण और नियमित रखरखाव को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि यह स्थल और अधिक आकर्षक व मनोरम दिखाई दे।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2013 में शुरू किए गए लाइट एंड साउंड तथा लेजर शो का नियमित रूप से संचालन किया जाए, जिससे यहां आने वाले लोगों को गोलघर के इतिहास और इसकी महत्ता के बारे में जानकारी मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि गोलघर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और महत्व से लोगों को अवगत कराने के लिए परिसर में डिस्प्ले बोर्ड भी लगाए जाएं।नीतीश कुमार ने कहा कि गोलघर वास्तुकला का एक अद्भुत नमूना है, इसलिए इसके स्ट्रक्चर के रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि इस ऐतिहासिक धरोहर को बेहतर तरीके से संरक्षित रखा जा सके। गोलघर परिसर के भ्रमण के दौरान जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस. एम. सहित अन्य वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

### साफ-सफाई और रखरखाव सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए

सीएम नीतीश कुमार ने रविवार को ऐतिहासिक गोलघर परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गोलघर परिसर पार्क, गोलघर के मुख्य स्ट्रक्चर की स्थिति, लाइट एंड साउंड शो तथा लेजर शो सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान सीमए ने अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली और कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए .सीएम ने कहा कि गोलघर बिहार की एक अमूल्य ऐतिहासिक धरोहर है और बड़ी संख्या में देश-विदेश से लोग इसे देखने आते हैं। ऐसे में इसकी सुंदरता, साफ-सफाई और रखरखाव सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

### पर्यटकों को एक सुखद और यादगार अनुभव मिले

सीएम नीतीश कुमार ने निर्देश दिया कि गोलघर परिसर का सौंदर्यीकरण इस तरह से किया जाए कि पर्यटकों को एक सुखद और यादगार अनुभव मिले। हरियाली, बैठने की व्यवस्था, रोशनी और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान सीएम ने वर्ष 2013 में शुरू किए गए लाइट एंड साउंड एवं लेजर शो के नियमित संचालन पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह शो न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि इसके माध्यम से लोग गोलघर और बिहार के इतिहास को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि तकनीकी खामियों को दूर कर शो को नियमित और समयबद्ध रूप से संचालित किया जाए।

### लगेंगे डिस्प्ले बोर्ड और सूचना पटल

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि गोलघर की ऐतिहासिक महत्ता और इसकी वास्तुकला से संबंधित जानकारी पर्यटकों तक प्रभावी रूप से पहुंचे, इसके लिए डिस्प्ले बोर्ड और सूचना पटल लगाए जाएं। इन बोर्डों पर गोलघर के निर्माण, इसके उद्देश्य, ब्रिटिश काल के इतिहास और इसकी वास्तुकला की विशेषताओं को सरल भाषा में प्रदर्शित किया जाए। इससे खासकर युवाओं और विद्यार्थियों को इतिहास जानने का अवसर मिलेगा।

## एक नजर

### चाय बना अपहरण का कारण: कंकड़बाग से अगवा युवक बहादुरपुर से सकुशल बरामद

**पटना।** राजधानी पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र में चाय को लेकर हुआ एक मामूली विवाद देखते ही देखते गंभीर आपराधिक घटना में बदल गया। विवाद के बाद पांच युवकों ने एक युवक का अपहरण कर लिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। अपहरण की सूचना मिलते ही कंकड़बाग थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए महज दो घंटे के भीतर अपहृत युवक को बहादुरपुर इलाके से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार युवक की हालत पूरी तरह सुरक्षित है। हालांकि घटना को अंजाम देने वाले सभी आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस का कहना है कि अपहरण में शामिल सभी युवकों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि अपहरण के दौरान प्रयुक्त कार घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में कार को तेजी से घटनास्थल से जाते हुए देखा गया है, जिसके आधार पर वाहन और आरोपियों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि छोटी-सी बात पर हुआ विवाद किस तरह कानून-व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। पुलिस ने आम लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की है।

### पटना में सुबह-सुबह पुलिस एनकाउंटर, अपराधी प्रभात कुमार के पैर में मारी गोली

**पटना।** पटना के बाढ़ अनुमंडल में रविवार सुबह एक पुलिस एनकाउंटर की घटना घटी, जिसमें एक अपराधी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अपराधी का नाम प्रभात कुमार बताया जा रहा है। प्रभात कुमार के पैर में गोली लगी है और उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि एनकाउंटर इलाके में सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया। प्रभात कुमार के खिलाफ बाढ़ थाने में दो और अथमलगोला थाने में एक मामला दर्ज है। अपराधी पर दर्ज मामलों के अनुसार वह लंबे समय से पुलिस की नजर में था। बताया जा रहा है कि पुलिस प्रभात कुमार की तलाश में काफी समय से लगी हुई थी। इस दौरान उन्होंने विभिन्न अपराधों को अंजाम दिया और हथियारों की खरीद-बिक्री में भी शामिल रहे। प्रभात कुमार को आर्म्स डीलर के रूप में भी जाना जाता है और उनके नेटवर्क में कई अन्य अपराधी भी शामिल थे। एनकाउंटर की जानकारी के अनुसार, यह घटना धरपुरा गांव, अथमलगोला थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस के अनुसार, प्रभात कुमार और उनके साथियों की गतिविधियों पर लंबे समय से नजर रखी जा रही थी। रविवार सुबह पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर धरपुरा गांव में छापेमारी की। इस दौरान प्रभात कुमार और उनके कुछ अन्य सहयोगी पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने उन्हें पकड़ने के प्रयास में चेतावनी भी दी, लेकिन अपराधियों ने इसे नजरअंदाज किया और पुलिस पर हमला करने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस ने अपने आप को और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई की, जिसमें प्रभात कुमार के पैर में गोली लगी। घायल प्रभात कुमार को तुरंत बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार उनकी स्थिति स्थिर है, लेकिन पैर में लगी गोली के कारण उन्हें गंभीर देखभाल की आवश्यकता है।पुलिस ने बताया कि इस एनकाउंटर में प्रभात कुमार के साथ कुछ अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अन्य अपराधियों के नाम और उनके खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से महत्वपूर्ण सुराग मिलने की संभावना है, जिससे हथियारों की तस्करी और अन्य संगीन अपराधों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सकती है।

# होली से पहले बीएसआरटीसी चलाएगी 149 नई डीलक्स बसें

**बिहार से दिल्ली और पंजाब से लेकर इन 9 राज्यों का सफर होगा आसान**



**एजेंसी। पटना**

बिहार में सार्वजनिक परिवहन को और अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए बिहार स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ने होली से पहले 149 नई डीलक्स बसों का परिचालन शुरू करने का फैसला किया है। इन बसों में 75 एसी डीलक्स और 74 नॉन-एसी डीलक्स बसें शामिल हैं, जो यात्रियों को आरामदायक, सुरक्षित और सुविधाजनक सफर उपलब्ध कराएंगी। नई एसी डीलक्स बसों का मुख्य ध्यान अंतरराज्यीय मार्गों पर होगा। ये बसें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल समेत कुल 9 राज्यों के लिए संचालित की जाएंगी। इसके साथ ही बिहार के भीतर लंबी दूरी की यात्राओं के लिए भी नई एसी बस सेवा शुरू करने की योजना बनाई गई है, ताकि प्रदेशवासियों का सफर और भी सुगम हो सके। परिवहन और ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार ने कहा कि घाटे वाले रूटों की पहचान कर वहां बस परिचालन बंद किया जाएगा। इन रूटों पर बहाल बसों को नई बसों के साथ बेहतर रूट प्रबंधन के तहत समायोजित किया जाएगा, जिससे संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो और परिचालन अधिक प्रभावी बन सके। अंतरराज्यीय बस परिचालन की प्रक्रिया को भी सरल और तीव्र बनाने की कोशिश की जा रही है। उत्तर प्रदेश के लिए पुराने रूट परमिट का नवीनीकरण चल रहा है, जबकि दिल्ली के लिए नए रूटों की सूची अंतिम चरण में है। पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के साथ पहले ही एमओयू हो चुके हैं।

# शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही ! जेल में बंद शिक्षक को 22 महीने तक मिलता रहा वेतन

**एजेंसी। पटना**

बिहार में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विभागीय लापरवाही का ऐसा मामला सामने आया है, जिसने सिस्टम की खामियों के साथ-साथ एक शिक्षक और उसके परिवार की आर्थिक पीड़ा को भी उजागर कर दिया है। मामला औरंगाबाद जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के नबीनगर गांव निवासी शिक्षक ब्रज किशोर चौधरी से जुड़ा है, जिन्हें जेल में रहते हुए 22 महीने तक नियमित वेतन मिलता रहा, लेकिन जब वे पूरी तरह दोषमुक्त होकर बाहर आए और दोबारा स्कूल में योगदान दिया, तो उनका वेतन रोक दिया गया। ब्रज किशोर चौधरी एक हत्या के मामले में न्यायिक हिरासत में भेजे गए थे। इसी दौरान उन्होंने शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-1 पास कर ली। हैरानी की बात यह है कि जेल प्रशासन की अनुमति लेकर 30 नवंबर 2023 को उन्हें पुलिस अभिरक्षा में हाईस्कूल तिउरी में शिक्षक पद पर योगदान भी करा दिया गया। कुछ समय बाद वे फिर जेल भेजे गए, जिसके बाद शिक्षा विभाग ने उन्हें निलंबित कर दिया। नियमों के अनुसार निलंबन अवधि में वेतन को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं, लेकिन यहां सिस्टम की बड़ी चूक सामने आई। निलंबन के बावजूद ब्रज किशोर चौधरी के खाते में हर महीने वेतन जाता रहा। यह सिलसिला पूरे 22 महीने तक चला, और किसी भी स्तर पर इसे रोकने या जांचने की कोशिश नहीं की गई। इस दौरान न तो स्कूल स्तर पर और न ही प्रखंड या जिला कार्यालय में किसी ने इस विसंगति पर ध्यान दिया। बाद में पटना हाईकोर्ट के आदेश पर 25 जुलाई 2025 को ब्रज किशोर चौधरी को मामले में पूरी तरह दोषमुक्त कर दिया गया।

# पटना में भव्य हुआ मगध पुत्र का ट्रेलर लॉन्च पवन सिंह ने की गुंजन सिंह की जमकर तारीफ



**एजेंसी। पटना**

भोजपुरी सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्म मगध पुत्र का ट्रेलर लॉन्च समारोह आज होटल पनाश बैंक्वेट, दानापुर, पटना में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस खास मौके पर पावर स्टार पवन सिंह की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। ट्रेलर लॉन्च के बाद मौजूद दर्शकों और मीडिया में फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में पवन सिंह ने फिल्म और इसके नायक गुंजन सिंह की खुलकर सराहना की और कहा कि मगध पुत्र जैसी फिल्में भोजपुरी सिनेमा की पहचान को मजबूत करती हैं। वहीं गुंजन सिंह ने इसे अपने करियर की अहम फिल्म बताते हुए दर्शकों से समर्थन की अपील की। पावर स्टार पवन सिंह ने ट्रेलर लॉन्च के दौरान कहा कि फिल्म ह्यमगध पुत्र का ट्रेलर बेहद प्रभावशाली है और इसमें बिहार की मिट्टी, इतिहास और स्वाभिमान की खुशबू महसूस होती है। गुंजन सिंह न सिर्फ. एक बेहतरीन गायक हैं, बल्कि एक प्रतिभाशाली अभिनेता भी हैं। उन्होंने अपने अभिनय से लगातार दर्शकों का दिल जीता है। मुझे पूरा विश्वास है कि मगध पुत्र दर्शकों को पसंद आएगी और यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा को एक नई ऊँचाई देगी। पूरी टीम को मेरी ओर से ढेरों शुभकामनाएँ। स्टाइलिश स्टार गुंजन सिंह ने कहा कि पवन सिंह जैसे बड़े स्टार की मौजूदगी और उनका आशीर्वाद मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मगध पुत्र मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि यह फिल्म सिर्फ. मनोरंजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, इतिहास और संघर्ष की कहानी कहती है। इस फिल्म के लिए पूरी टीम ने ईमानदारी और जुनून के साथ काम किया है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे उतने ही प्यार से अपनाएंगे, जितनी मेहनत हमने इसमें की है। गुंजन सिंह एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता दिनेश कुमार मंडल हैं, जबकि निर्देशन की कमान अरविन्द चौबे ने संभाली है।

# बिहार में अगले 48 घंटे शीतलहर की चेतावनी : मौसम विभाग ने 30 जिलों में जारी किया अलर्ट



**एजेंसी। पटना**

बिहार के अलग-अलग जिलों में इस वक्त कोल्ड डे और घने कुहासे की स्थिति बनी हुई है. इस बीच राज्य में अभी मौसम का मिजाज बदलने की कोई संभावना नहीं जताई गई है. मौसम विभाग की माने तो, अगले 48 घंटों के लिए शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है. इस दौरान घने कुहासे की वजह से विजिबिलिटी भी कम हो सकती है. पूरे 30 जिलों के लिए चेतावनी जारी की गई है।

### इन 30 जिलों के लिए अलर्ट जारी

मौसम विभाग की तरफ से 17 जिलों में ऑरेंज और 13 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. जिन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, उनमें पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, गोपालगंज, सिवान, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, खगड़िया, मुंगेर, भागलपुर, जमुई और बांका शामिल है. इसके अलावा जिन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है, उनमें बक्सर, भोजपुर, पटना, बेगूसराय, अरवल, जहानाबाद, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया शामिल है.कब तक मौसम में हो सकता है बदलाव मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि अगले 48 घंटों के दौरान तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है. लेकिन यह भी अनुमान लगाया गया है कि 15 जनवरी के बाद मौसम में बदलाव हो सकता है. धीरे-धीरे मौसम साफ होगा लेकिन ठंड बरकरार रहेगी. सुबह और शाम के वक्त ठंड लोगों को ज्यादा सताएगी. अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा.

### बिहार में ज्यादा ठंड की ये है वजह

मौसम में बदलाव को लेकर वैज्ञानिकों की माने तो, हिमालयी इलाकों में हो रही बर्फबारी की वजह से सर्द हवाएं बिहार पहुंच रही हैं. साथ ही उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव है. इस वजह से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है. घने कुहासे का प्रकोप भी देखा जा रहा है, जिससे विजिबिलिटी कम हो रही है.

# तेजस्वी यादव के करीबी मुकेश सहनी तेज प्रताप यादव के साथ!

**एजेंसी। पटना**

लालू परिवार और राष्ट्रीय जनता दल से निकाले गए तेज प्रताप यादव बिहार की राजनीति में इस बार कुछ अलग ही करने के मूड में दिख रहे हैं। लैंड फॉर जॉब मामले में माता-पिता, भाई और बहनों के साथ चार्जशीटेड होने के बावजूद तेज प्रताप यादव रुक नहीं रहे हैं। न तनाव लेते दिख रहे हैं। अब उन्होंने तेजस्वी यादव की परछाई की तरह लोकसभा-विधानसभा चुनाव में साथ रहे मुकेश सहनी को न्यौता दिया है। मकर संक्रांति पर दही-चूड़ा पार्टी में वह लगातार न्यौता पहुंचाने चर्चित शख्सियतों के पास पहुंच चुके हैं। वह भाजपाई दिग्गजों से मिलते-मिलते आज, वीआईपी प्रमुख सहनी के पास भी पहुंच गए। दोनों की अच्छी मुलाकात रही। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी जी से उनके आवास पहुंचकर भेंट मुलाकात किया और आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर 26 ट स्ट्रैंड रोड स्थित मेरे सरकारी आवास पर "दही-चूड़ा भोज कार्यक्रम" हेतु आमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया। साथ ही मुकेश सहनी जी को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामना दिया।